बाबोसा भगवान का ये दरबार है ।

बाबोसा भगवान का ये दरबार है,
हो बाबा तेरे ही भरोसे, मेरा परिवार है,
श्री बाबोसा भगवान....

चाहे डुबोदे, चाहे तिरादे, मेरे जीवन की नैय्या,
तेरे हाथ मेरी पतवार, बाबोसा ही खिवैया,
मेरी कस्ती पड़ी बीच मझधार है,
हो बाबा तेरे ही भरोसे.....

तेरी कृपा मिल जाये हमको, करदो ऐसी महर,
फिर ना कोई चिंता हमको, ना ही कोई फिकर,
इतना सा करदो हमपे उपकार है,
हो बाबा तेरे ही भरोसे.....

भक्त तुम्हारे द्वार खड़े है करदो वारे न्यारे,
माँ छगनी के नंदन हरपल हमतो तुम्हे पुकारे,
"दिलबर" की छोटी सी दरकार है,
हो बाबा तेरे ही भरोसे.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29605/title/babosa-bhagwan-ka-ye-darbaar-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |